**सोमवार**
31 जनवरी 2022



पृष्ठ 4

**गाजर की पत्तियों से सेहत को होते हैं चौकाने वाले फायदे**



पृष्ठ 5

**मालदीव में अकेले हंसती खिलखिलाती नजर कैटरीना**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 08
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है वह शक्तिमान हो कर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।
— राम प्रताप त्रिपाठी

# फेल रही डबल इंजन सरकार: सचिन




संवाददाता

देहरादून। भाजपा की डबल इंजन सरकार सभी मोर्चों पर फेल साबित हुई है। देशभर में लोग बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बेहाल है। भाजपा के शासनकाल में गरीब तबका, मजदूर और किसानों से लेकर युवाओं तक की जो उपेक्षा और दुर्दशा की स्थिति है वैसी इससे पूर्व कभी नहीं रही।

यह बात आज कांग्रेस के चुनाव प्रचार के लिए देहरादून पहुंचे राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता जिस डबल इंजन सरकार की दुहाई देकर विकास की गंगा बहाने की बात करते हैं उस

**❑महंगाई और बेरोजगारी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**
**❑सरकार बनने पर 500 से ऊपर नहीं रहेंगे सिलेंडर के दाम**

विकास से आज देश और प्रदेश के लोग ऊब चुके हैं। क्योंकि बीते 5-7 सालों में आम जनता ने भाजपा का सच समझ लिया है।

उन्होंने कहा कि बीते 5 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है तथा 7 सालों से केंद्र में भाजपा की सरकार। इन सालों में आम आदमी की समस्याएं कितनी बढ़ी है लोग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की जो मार झेल रहे हैं वह किसी से भी छिपा नहीं है। देश में पेट्रोल और डीजल तथा रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो स्थानीय स्तर पर रसोई गैस सिलेण्डर की कीमतें 500 रूपये से ऊपर नहीं जाने देगी।

पत्रकार वार्ता में उपस्थित पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि भाजपा के तीन तिगड़ा, काम बिगाड़ाओं ने उपलब्धियों के तौर पर सिर्फ तीन ही काम किए हैं। पहला काम है महंगाई बढ़ाने का जो एक साल में 30 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ चुकी है। दूसरा काम भाजपा नेताओं ने किया बेरोजगारी बढ़ाने का, जिसमें उत्तराखंड नंबर वन पर आ गया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी बढ़ाने

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पत्नी की गला रेतकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी की रात्रि नेहरू कालोनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि फ्रेन्डस इनक्लेव डिफेन्स कालोनी में महिला द्वारा आत्महत्या की गयी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक महिला बिस्तर पर मृत पडी है जिसका गला रेता गया था व पास में एक चाकू व प्रेस की केबल पडी थी। मृतका के पास एक वर्ष का बालक व सात वर्षीय बालिका डरे सहमें एक कोने में खडे थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछाताछ की तो मृतका का नाम श्वेता श्रीवास्तव है जोकि अपने पति सौरभ व दो बच्चों के साथ पिछले कुछ समय से उक्त मकान में किराये पर निवास कर रहे थे। घटना के बाद से ही मृतका का पति अपनी स्कूटी लेकर फरार हो गया था। मृतका के पिता अजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सौरभ श्रीवास्तव के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया। आज पुलिस ने सौरभ श्रीवास्तव पुत्र शम्भूलाल निवासी कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से कुशीनगर का रहने वाला है उसने बीए तक शिक्षा ग्रहण की है। वह पिछले 12-13 साल से देहरादून में ही रहकर नौकरी कर रहा है। उसकी शादी श्वेता से जून 2014 में हुई थी जिसके बाद से



◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

आलोकवासी श्री धर्मानन्द उनियाल
की दसवीं पुण्य तिथि स्मृति में

जन्म
31.12.1924




मृत्यु
31.01.2012

एक कर्मठ व्यक्ति जिन्हें उनकी विनम्रता, विश्वास और स्नेही प्रकृति के लिये हमेशा याद किया जायेगा।
उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ रहेगा।

भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि :
रजनीकान्त उनियाल,
सुबोध उनियाल – मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार,
उमाकान्त उनियाल – वरिष्ठ वकील, उच्च न्यायालय
रविकान्त उनियाल (पुत्रगण)
कल्पना – संजय काले (पुत्री व दामाद)

आर-3, यमुना कालोनी, देहरादून।
मोब. : 9415218806, 9412077900

# भारत में 24 घंटे में आए कोरोना के 2.09 लाख नए केस, 959 मरीजों की हुई मौत



नई दिल्ली। भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के २ लाख ६ हजार ६१८ नए मामले सामने आए है। कल के मुकाबले नए मामलों में १० प्रतिशत की कमी है। एक्टिव केस भी घटे हैं। हालांकि, पिछले २४ घंटे में देश में कोरोना से ६५६ मौतें भी दर्ज हुई है। इसी के साथ देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर ४ लाख ६५ हजार ५० हो गई है। मौतों की संख्या में तेज इजाफा दरअसल इसलिए आया है क्योंकि केरल ने अपने आंकड़ों में सुधार कर पहले हुई ३७४ मौतों को इसमें जोड़ा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में सक्रिय मामलों में कमी जारी है। पिछले २४ घंटे में इसमें ५३६६६ की कमी आई है और अब सक्रिय मामले घटकर १८ लाख ३१ हजार २६८ रह गए हैं। दैनिक संक्रमण दर अभी १५.७७ प्रतिशत है। कल के १४.५ प्रतिशत के मुकाबले इसमें मामूली वृद्धि है। देश में पिछले २४ घंटे में २ लाख ६२ हजार ६२८ लोग कोरोना से ठीक (डिस्चार्ज्ड) भी हुए हैं। ऐसे में कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ ८६ लाख ७६ हजार १२२ हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अब तक कोरोना वैक्सीन की १६६ करोड़ से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। कल ही ये ऐलान भी किया गया था कि देश में व्यस्कों में ७५ प्रतिशत से अधिक की आबादी को कोरोना वैक्सीन की पूरी डोज लगाई जा चुकी है।

इस बीच १५ से १८ साल के आयु वर्ग के किशोर आज से कोविड वैक्सीन की अपनी दूसरी डोज ले सकेंगे। भारत में इस आयु वर्ग को अभी कोवैक्सीन दी जा रही है। बताते चलें कि रविवार को देश में १३ लाख ३१ हजार १६८ कोरोना सैंपल की जांच भी की गई। दिल्ली में रविवार को कोरोना के ३६७४ नए मामले सामने आए थे जबकि महाराष्ट्र में २२४४४ केस मिले। दूसरी ओर दक्षिण के राज्यों की बात करें तो केरल में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के ५१,५७० नए मामले सामने आए, जबकि कर्नाटक में कोविड–१६ के २८,२६४ मामलों की पुष्टि हुई। तेलंगाना में संक्रमण के २४८४ नए मामले सामने आए।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सामाजिक सरोकारों से विरत राजनीति

देश के 5 राज्यों में होने वाले चुनावों को 2024 के आम चुनावों के लिहाज से अत्यंत ही महत्व का माना जा रहा है खास बात यह है कि सत्ता के संग्राम में सब कुछ दिख रहा है, अगर कुछ नहीं दिख रहा है तो वह जनता के मुद्दे है। बीते कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर अपने मन की बात कहने के लिए देश की जनता के सामने और भ्रष्टाचार को देश की अहम समस्या बताकर कहते दिखे कि भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खा रहा है। सवाल यह है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 7 साल से सत्ता में है उन्होंने इस भ्रष्टाचार पर कितनी लगाम लगाई या प्रयास किए। भाजपा केंद्रीय सत्ता पर तो काबिज है ही देश के 70 फीसदी प्रांतों में उसकी सरकारें हैं। उदाहरण के तौर पर अगर उत्तराखंड की ही बात करें तो भाजपा की वर्तमान सरकार ने जब त्रिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सत्ता संभाली थी तो भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की घोषणा की थी लेकिन अपने पहले ही सत्र में लोकायुक्त विधेयक पेश करने वाली यह सरकार 5 साल में भी लोकायुक्त का गठन नहीं कर सकी है। भ्रष्टाचार को रोकने के प्रति भाजपा व उसकी सरकारें और नेता कितने संवेदनशील है? क्या इससे बेहतर उदाहरण और कुछ हो सकता है। देश में बढ़ती बेरोजगारी ने सभी सीमाएं तोड़ दी है अगर कहीं कोई एक रिक्त पद होता है तो उसके लिए एक लाख से अधिक बेरोजगार लाइन में खड़े दिखाई देते हैं। लेकिन 4 करोड़ सालाना रोजगार का वायदा करने वाले या तो इन बेरोजगारों का यह कहकर उपहार बनाते नजर आते हैं कि पकौड़े तलना और बेचना भी रोजगार है या फिर कोरोना के सर इसका ठीकरा फोड़ कर अपना पल्ला झाड़ते नजर आते हैं। बात अगर बढ़ती महंगाई की हो तो इसकी पीड़ा को सिर्फ वह जान सकते हैं जो रोज कमा कर खाने वाले हैं। देश की आबादी इस बढ़ती महंगाई के कारण अपना पेट भी ठीक से नहीं भर पा रहे है। देश में बात तो गरीबी मिटाने और आत्मनिर्भर भारत की होती है लेकिन देश में बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के कारण बढ़ती गरीबों की संख्या पर कोई भी आज बात करने को तैयार नहीं है देश में स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था की क्या स्थिति है? उसका सच स्वीकार करने को कोई भी तैयार नहीं है। यह हैरान करने वाली बात है जो सत्ता में बैठे हैं उनकी तो यह कोशिश है ही की जाति, धर्म और सांप्रदायिक मुद्दों पर इतना शोर मचाए की कोई सामाजिक सरोकार के मुद्दे के बारे में सोच भी न सके। विपक्ष भी जनता के इन जिंदगी और मौत से जुड़े मुद्दों को न उठाए जाने को तैयार है न इन मुद्दों पर चुनाव मैदान में जाने को तैयार है। विपक्ष भी राष्ट्रभक्ति और धर्म तथा सांप्रदायिक मुद्दों का सामना करने में इस तरह उलझ गया है कि वह हिंदू-मुस्लिम, जिन्ना-पाकिस्तान, धर्म-संसद, हिंदू राष्ट्र और मंडल-कमंडल पर अटक कर रह गया है। इसके बाद कुछ है तो वह मुफ्त की राजनीति है। जिसमें राशन फ्री, बिजली फ्री, मोबाइल, स्कूटी, लैपटॉप सब कुछ फ्री देकर वोट बटोरने की सियासत है। ऐसे में जब देश के नेता और राजनीतिक, सामाजिक सरोकारों पर सोचना बंद कर देते हैं तब देश की जनता को सोचने के लिए तैयार होना चाहिए इस दृष्टिकोण से यह पांच राज्यों के चुनाव ही नहीं 2024 का आम चुनाव भी बहुत अहम रहने वाला है।

# 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच एक्जिट पोल पर लगी रोक

हमारे संवाददाता




देहरादून। उत्तराखण्ड में निर्वाचन आयोग ने दस फरवरी से सात मार्च के बीच एक्जिट पोल पर रोक लगा दी गयी है।

इस दौरान प्रिंट व इलैक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी तरह के चुनावी नतीजों का प्रकाशन नहीं होगा। जबकि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।राज्य में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जोरों पर है।

इस दौरान किसी भी तरह से मतदान प्रभावित न हो इसके चलते निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड में दस फरवरी से सात मार्च के बीच एक्जिट पोल पर रोक लगा दी गयी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधि कारी कार्यालय ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किये गये दिशा निर्देशों के क्रम में 10 फरवरी को सुबह सात बजे से सात मार्च को शाम साढ़े सात बजे तक प्रिंट व इलैक्ट्रानिक मीडिया किसी भी तरह से चुनावी नतीजों के प्रकाशन पर रोक लगा दी गयी है। इन निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर कड़ी सम्बन्धित मीडिया के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# 318 कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर ली कांग्रेस की सदस्यता

संवाददाता

मुनस्यारी। चुनाव की तिथि नजदीक आते ही भाजपा को इस विधानसभा में झटके पर झटके मिल रहे हैं। विगत दिवस मुनस्यारी के चार स्थानों में ३१८ की संख्या में भाजपा के दिग्गज कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने हरीश धामी के समर्थन में कांग्रेस की सदस्यता ली ।आज के इस राजनीतिक घटनाक्रम से फिलहाल चुनाव के ठीक वक़्त भाजपा स्थानीय स्तर पर फिलहाल कौमा में चली गई है।



सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सेरा सुरईधार से आज के राजनीतिक भूकम्प की पटकथा लिखी गई ।इस ग्राम सेविला के भाजपा बूथ अध्यक्ष दिनेश जोशी समेत २१भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामकर इस बूथ में बीजेपी को करारा झटका दिया ।मुनस्यारी बाजार स्थित एक निजी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज प्रमोद द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक कर निदेशक उत्तम गोस्वामी ,मंडल महामंत्री मनोज कुमार के नेतृत्व में पूर्व में त्यागपत्र देने वाले एवं भाजपा से वर्षों से जुड़े ३७ बूथों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित पूर्व पदाधिकारियों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली ।खचाखच भरे सभागार में लगभग दो सौ अड़तीस बीजेपी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की सूचना प्रेस को दी गई है ।इसके बाद मल्ला घोरपट्टा के बिल्जू कालोनी में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष तारा देवी के नेतृत्व में ४८ बीजेपी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने सदस्यता ग्रहण की ।ग्राम नानासेम में पातों के पूर्व सरपंच तथा भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह जेस्था ने ११ बीजेपी समर्थकों के साथ कांग्रेस पर विश्वास जताया ।चार स्थानों पर अलग अलग महसूस किए गए राजनीतिक भूकंप क्षेत्रीय विधायक तथा कॉंग्रेस प्रत्याशी हरीश धामी के सम्मुख पहली बार इस क्षेत्र में महसूस किया गया ।२०१२ के चुनाव के बाद २०१७ में इन बूथों में भाजपा की स्थिति सम्मानजनक पहुंचाने वाले कार्यकर्ताओं ने भाजपा संगठन तथा सरकार द्वारा सीमांत क्षेत्र के विकास तथा कार्यकर्ताओ की उपेक्षा के बाद आज यह कदम उठाया ।विधायक श्री धामी ने भाजपा छोड़कर आए दिग्गजों के साथ आम कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया ।कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनको राजनीति सिखाने वाले उनके अग्रज आज उनके संरक्षक के रूप में पार्टी में शामिल हुए हैं ।जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने की सुनामी अभी जारी रहेगी ।इसके लिए हर कार्यकर्ता गांव गांव में तैयारी कर रहा है ।इस मौके पर भाजपा के जिन वरिस्ठ लोगों ने कॉंग्रेस की सदस्यता ली है उनमें हीरा सिंह पंडा, देव सिंह पापड़ा, ललिता बोरा, बिमला दास्पा, राजू सेमिया,पूर्व छात्र संघ कोषाध्यक्ष पिथौरागढ़ लवराज गोस्वामी,आपुष्कर नेगी, पुष्कर नितवाल, उत्तम मपवाल,प्रेम सिंह नेगी, प्रह्लाद कठायत, गंगा सिंह कोरंगा, दान सिंह धानिक, ग्राम प्रधान संजू धामी, ग्राम प्रधान नाथों राम, तुलसी देवी आर्या, मंजू देवी प्रमुख नाम हैं ।शामिल होने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रुद्र सिंह पंडा के भतीजे उत्तम सिंह पंडा का नाम भी शामिल है ।इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पांगती,महिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रा धपवाल,मनोहर टोलिया,हीरा सिंह चिराल, हरीश चिराल, डॉ गोकर्ण जंगपांगी, आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

बागेश्वर (आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि ८० वर्ष से अधिक बुजुर्ग व दिव्यांगों (अपसेंटी वोटर) का पोस्टल बेलेट से मतदान दो फरवरी से छह फरवरी तक घर–घर जाकर मतदान पार्टियों द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए ३५० कार्मिकों को प्रथम मतदान प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें ५५ मतदान अधिकारी, ५५ मतदान सहायक, ८३ माइक्रो आबर्जवर, ७४ सैक्टर मजिस्ट्रेट व ८० सुरक्षा कर्मियों प्रशिक्षण दिया गया। डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण नोडल अधिकारी संजय सिंह, प्रशिक्षक दीप जोशी, डॉ. राजीव जोशी, डॉ. केपी कांडपल द्वारा दिया गया। जनपद में कुल १२५७ अपसेंटी वोटरों द्वारा पोस्टल बेलेट से मतदान किया जाएगा, जिसमें विधान सभा कपकोट में ४४३ व बागेश्वर में ८१४ अपसेंटी वोटर है, जिनकों ४० मतदान पार्टियों द्वारा बेलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियां स्थानीय बीएलओ से पहले अपसेंटी मतदाता का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही मतदाता का निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व क्रम संख्या जॉच करेंगे, जॉच के उपरांत ही पोस्टल मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान अधिकारी घोषणा पत्र सत्यापित करेंगे, जिसमें अपना पूरा नाम अवश्य लिखेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मतदान पार्टी एक साथ जाएंगे तथा एक ही साथ प्रवास करेंगे व किसी का भी आतिथ्य ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी, मगर ध्यान रहें मत की गापनीयता बनी रहे। उन्होंने कहा जो भी शंका हो उसका प्रशिक्षण में ही समाधान अवश्य कर लें, ताकि पोस्टल वोट कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, किसी प्रकार की गलती/लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उप निर्वाचन अधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने कहा कि दो फरवरी से पांच फरवरी तक मतदान होगा तथा ०६ फरवरी रिजर्व दिवस रखा गया है। इस दिन छूटे मतदाताओं का मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होगा। पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि सभी मतदान पार्टियॉ आपसी समन्वयय के साथ सावधानी से मतदान कार्य संपादित कराएं। पूरी मतदान पार्टी एक ही साथ जाएगी व साथ रहेगी। मतपत्रों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर आरओ हरगिरी, पारितोष वर्मा, नोडल अधिकारी पोस्टल बेलेट आरके पांडेय, नोडल प्रशिक्षण संजय सिंह द्वारा विस्तृत जानकारी दी।

स ई पाहि य ऋजीषी तरुत्रो यः शिप्रवान्वृषभो यो मतीनाम्।
यो गोत्रभिद्वज्रभृद्यो हरिष्ठाः स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि वाजान्।।

(ऋग्वेद ६–१७–२)

जो सरल स्वभाव वाला है, किसी प्रकार का दिखावा नहीं करता है। जो दूसरों का दुख दूर करता है। जो आकर्षक व्यक्तित्व वाला है। जो बलिष्ठ है। हे राजन् ! ऐसी जीवात्माओं का सम्मान करो और उनके जीवन को सुखमय बनाओ।

One who is simple in nature, does not make any kind of pretense. One who removes the misery of others. Who has an attractive personality. The one who is powerful. O King ! Respect such Jivatmas (souls) and make their lives happy. (Rig Veda 6-17-2)

# नामांकन पत्रों की जांच पूरी, 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

ऋषिकेश (आरएनएस)। दो दिन चली नामांकन पत्रों की जांच रविवार को पूरी कर ली गई। एक भी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त नहीं हुआ है। लिहाजा ऋषिकेश सीट पर १४ प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। सभी के भाग्य का फैसला १० मार्च को होगा। ऋषिकेश विधानसभा सीट के लिए २१ जनवरी से २८ जनवरी तक नामांकन पत्र भरे गए। २६ जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच शुरू हुई, जो रविवार तक चली। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डा. अमृता शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जांच में सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। किसी तरह की त्रुटि नहीं मिली। नामांकन पत्र जांच के बाद अब १४ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। कांग्रेस के जयेंद्र रमोला, भाजपा के प्रत्याशी प्रेमचंद अग्रवाल, यूकेडी के मोहन सिंह असवाल, शिरोमणि अकाली दल के जगजीत सिंह, उत्तराखंड जनता पार्टी अनुप सिंह राणा, सपा प्रत्याशी कदम सिंह बालियान, उत्तराखंड जनएकता पार्टी के कनक धनाई, उत्तराखंड रक्षा मोर्चा की बबली देवी, आम आदमी पार्टी के राजे नेगी, न्याय धर्म सभा पार्टी के संजय श्रीवास्तव, निर्दलीय ऊषा रावत, मनमोहन नेगी, शूरवीर सिंह सजवाण और संदीप बस्नेत हैं।

# रेड लाईट व चौराहों पर किया प्रचार



संवाददाता

देहरादून। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में रेड लाईट व चौराहों पर प्रचार शुरू कर दिया।

आज यहां रेड लाइट और चौराहों पर प्रचार करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने अपने शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार रेड लाइट और चौराहों पर प्रचार करते हुए राजपुर रोड विधानसभा खजान दास के लिए चुनाव प्रभारी धर्मपुर विधानसभा रईस खान के नेतृत्व में तहसील चौक इनामुल्लाह बिल्डिंग २० राजपुर रोड विधानसभा में विधायक खजान दास को भारी मतों से विजय बनाने के लिए लोगों से अपील की गई व विधायक के क्षेत्र में किए गए कामों को और केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को पंपलेट में दर्शाए गए कामों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। चुनाव प्रभारी राजपुर रोड विधानसभा रईस अंसारी चुनाव प्रभारी सहसपुर अंकुर जैन व कैंट विधानसभा प्रभारी मोहम्मद मुजस्सिम नाजिम राठी अब की बार ६० पार फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार मोदी धामी सरकार के नारों से सारा वातावरण मंगलमय हो गया। रईस खान ने नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, पुष्कर धामी जिन्दाबाद नारे लगाये। इस अवसर पर सुनील जैन, आयुष, मोहम्मद इरफान, फरीद एवं मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था के लिए 370 लाईसेंसी शस्त्र जमा

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव को देखते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस ने ८ जनवरी से ३० जनवरी तक कई कार्रवाई की है। इसमें ३७० लाईसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। जबकि आदर्श आचार संहिता के चलते निरोधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि शांति और कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए अब तक कुल ३७० लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराए गए। १०७/११६ सीआरपीसी में ११६ केस में ४२८ व्यक्तियों के चालान किए गए जिनमें अब तक १६४ व्यक्तियों को पाबंद किया गया है। ४ गैर जमानती वारंटों की तामीली कराई गई। आबकारी अधिनियम में कुल २१ अभियोग पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें २३६ बोतल १५६ अद्दे (हाफ) तथा ७६५ (पव्वे) क्वार्टर अवैध अंग्रेजी शराब, १५ लीटर कच्ची तथा ४८ बीयर बरामद की गई जिसकी अनुमानित लागत ४,५०,००० (साढ़े चार लाख) के करीब है। एनडीपीएस अधिनियम में १ अभियोग पंजीकृत किया गया। ४३६ ग्राम चरस की बरामदगी की गई। ११० जी सीआरपीसी में १० मामलों में १० व्यक्तियों का चालान किया गया है, जिनमें से अब तक २ व्यक्तियों को पाबन्द किया गया है। गुंडा अधिनियम में ६ चालान किए गए हैं।

# महावीर सिंह बने पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष

चमोली (आरएनएस)। १६वीं गढ़वाल राइफल्स के भूतपूर्व सैनिकों ने रविवार को मिलन समारोह मनाया। भूतपूर्व सैनिकों ने नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन कर ऑरनेरी कैप्टेन महावीर सिंह को अध्यक्ष, सूबेदार गबर सिंह को उपाध्यक्ष, सूबेदार राजेंद्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष और नायक कमलेंद्र को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। भूतपूर्व सैनिकों ने आगामी एक मार्च को आयोजित होने वाले १६वीं गढ़वाल राइफल्स के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष ऑडनेरी कैप्टेन महावीर सिंह ने पहाड़ के गांवों से लगातार हो रहे पलायन पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि साल दर साल गांवों से पलायन हो रहा है, लेकिन हमें अपने भूतपूर्व सैनिकों पर गर्व है कि वे आज भी अपनी थाती–माटी से जुड़े हुए हैं। आज अधिकांश भूतपूर्व सैनिक अपने गांवों में ही हैं, उन्होंने पलायन नहीं किया है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। समारोह में श्रीनगर, रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद के भूतपूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर कैप्टेन राजमोहन, रघुवीर, ओम प्रकाश, देव सिंह, भरत सिंह, लाखन सिंह, बलवीर सिंह, कुंवर सिंह, रणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# जंगली सूअर ने किया बच्चे को घायल

चमोली (आरएनएस)। चेपड़ो के निकट टुंडरी में जंगली सूअर ने गांव के पास जंगल में लकड़ी लेने गए बच्चे पर हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया हैं। बच्चे का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह चेपड़ो के टुंडरी गांव का ११ वर्षीय सचिन पुत्र स्व दयाल बिष्ट अपने कुछ साथियों के साथ गांव से लगे जंगल में लकड़ियां बीनने गया था, इसी दौरान अचानक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। अन्य साथियों के द्वारा सोरगुल करने पर सूअर वहां से भाग तो गया लेकिन इस दौरान उसने बच्चे को बुरी तरह जख्मी कर दिया। परिजन एवं ग्रामीण बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली लाये जहां पर उसका उपचार किया जा रहा हैं।

# क्या सोचकर खड़े होते हैं निर्दलीय

संवाददाता

देहरादून। चुनाव आते ही कुकरमुत्तों की तरह निर्दलीय प्रत्याशी भी सामने आने शुरू हो जाते हैं जिनमें से कई का कोई वजूद ही नहीं होता, वह भी चुनाव में हाथ आजमाने उतर जाते हैं। इनके पास रूपया कहां से आता है इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं है। प्रशासन को इस बात की जांच भी करनी चाहिए कि निर्दलीय प्रत्याशी इतना पैसा कैसे खर्च करता है और उसके पास यह रूपये आते कहां से है।




देश में जब भी कोई विधानसभा, लोकसभा या फिर नगर निगम के चुनावों की घोषणा होती है तो कुकरमुत्तों की तरह निर्दलीय प्रत्याशी सामने आ जाते हैं ओर यही नहीं यह लोग पैसा भी पानी की तरह बहाते हैं। यही स्थिति उत्तराखण्ड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भी देखने को मिला है। विधानसभा चुनाव आते ही निर्दलीय प्रत्याशियों का रैला सा दिखायी दिया। सोचने वाली बात यहां पर यह आती है कि इन निर्दलियों में कई ऐसे चेहरे भी देखने को मिलते ही कि जिन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी में कोई काम नहीं किया होता है और चुनाव आते ही यह निर्दलीय मैदान में उतरने की तैयारी में लग जाते है। इसमें सबसे बडी बात यह होती है कि यह निर्दलीय चुनाव लडने की तैयारी चुनाव से एक माह पूर्व से शुरू कर देते है। पार्टी प्रत्याशी को जब चुनाव का टिकट मिलता है वह उस दिन से खर्च करना शुरू करता है

## ❑पैसा कहां से आता है होनी चाहिए जांच

लेकिन निर्दलीय चुनाव लडने का दम भरने वाले व्यक्ति चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद से ही दावतें देना शुरू कर देते है। वह लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए शराब व कबाब की दावतों के दौर शुरू कर देते हैं जिसमें अच्छा खासा पैसा खर्च हो जाता है। नामांकन के बाद पोस्टर, बैनर सहित अन्य खर्चो पर भी दिल खोलकर रूपया खर्च किया जाता है। दलों के प्रत्याशियों को तो अपने दलों से रूपया पोस्टर बैनर मिल जाते हैं लेकिन निर्दलीय को तो पोस्टर चिपकाने की लेई भी अपने रूपयों से बनानी होती है। वहीं ऐसा कोई कद्दावर निर्दलीय प्रत्याशी अभी तक सामने नहीं दिखायी दिया कि उसके कद को देखते हुए कोई उसको फाईनेंस कर रहा हो। अधिकांश छुटभैया ही दिखायी दे रहे हैं। अगर सही माना जाये तो उसके पडोस में रहने वाला भी शायद ही उसको अपना वोट दे दे इस बात की भी कोई गारंटी नहीं ले सकता है उसके बावजूद वह अपने अंदर गलतफहमी पाले होता है कि उसकी सीट तो निकली हुई है तथा उसकी टक्कर फलां पार्टी के कद्दावर नेता से है। अब देखने वाली बात यह है कि यह लोग इतनी गलतफहमी में कैसे जी लेते है। वहीं रूपया खर्च करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। इन सभी बातों पर अगर ध्यान दिया जाये तो काफी सोचने वाली बात होगी कि जिस व्यक्ति ने सारी जिन्दगी ना तो किसी की नौकरी की और ना ही कोई बिजनेस ही किया हो ऐसा भी दिखायी नहीं देता और वह चुनाव प्रचार में इतना पैसा कहां से खर्च कर रहा है। प्रशासन को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए। चुनाव आयोग अगर एक बार सख्त हो जाये और ऐसे प्रत्याशियों की जांच करवा दे तो काफी हद तक तस्वीर सामने आ सकती है कि इनके पास रूपया कहां से आता है। अगर एक बार यह जांच चुनाव आयोग कर दे तो आने वाले समय में निर्दलीय प्रत्याशियों की सूची ही नहीं बनेगी।

# चुनावी घोषणा पत्रों में राज्य कर्मचारियों की मांगों को सम्मलित किया जायेः पाण्डेय

संवाददाता

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरूण पाण्डेय ने सभी राजनैतिक व क्षेत्रीय दलों को पत्र लिखकर राज्य कार्मिकों, शिक्षकों, निगम, निकाय, संविदा कर्मी, आउटसोर्स कर्मी व उपनल कर्मियों की मांगों को चुनावी घोषणा पत्र में सम्मलित किये जाने व अलग मंत्रालय बनाने की मांग की है।

आज यहां सभी राजनैतिक दलों पर प्रेषित किये गये अपने पत्र में उन्होंने कहा कि अवगत कराना है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तराखण्ड राज्य के कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन है, साथ ही उत्तराखण्ड अधिकारी, कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति का महत्वपूर्ण घटक है। किन्तु बडे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आज तक किसी भी राजनैतिक दल ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कार्मिकों की मांगों को सम्मलित करने हेतु पदाधिकरियों से सम्पर्क नही किया है। जबकि राज्य के कार्मिक उत्तराखण्ड निर्माण से लेकर उत्तराखण्ड के चौमुखी विकास तक महत्वपूर्ण भागीदार हैं।

उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से पुन: खुले पत्र के माध्यम से इस प्रदेश के लगभग दो लाख राज्य कार्मिकों, शिक्षकों, निगम, निकाय, संविदा कर्मी, आउटसोर्स कर्मी व उपनल कर्मी अपील करते हैं कि अपने घोषणा पत्र में कार्मिकों की महत्वपूर्ण मांगों को घोषणा पत्र समिति में शामिल करने हेतु कार्यवाही की जाये।

# प्रभाकर परीक्षा में पास हुए बच्चों को सम्मानित किया

संवाददाता

देहरादून। कंचन संगीत कला केन्द्र के वार्षिक समरोह में प्रभाकर परीक्षा में पास हुए बच्चों को सम्मानित किया गया।

आज यहां कंचन संगीत कला केंद्र के वार्षिक वार्षिक समारोह में गत ३ वर्षों में प्रयाग संगीत बोर्ड से प्रभाकर परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र वितरण किए गए, साथ ही कोरोना की गाइड लाइन के अनुसार विशेष ध्यान रखते हुए विभिन्न प्रकार के गीत एवं नृत्य तथा वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतीकरण एवं जुगलबंदी का बहुत सुंदर आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व कंचन संगीत कंेद्र की निदेशक एवं गुरु श्रीमती सतेश्वरी भट्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता वी.पी. भट्ट तथा स्वामी एस चंद्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शुभाली गैरोला, अतुल्य, इशानी खत्री, अराध्या तिवारी, परितोष एवं राकेश ने सरस्वती वंदना गीत एवं गणेश वंदना नृत्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुत दी।

कार्यक्रम में तबला वादन की जुगलबंदी में पारीतोष शर्मा, चंद्रेश बुधानी एवं हेमंत पांडे ने तीन ताल एवं टुकड़े प्रस्तुत किए, हारमोनियम में तबला गुरु विभूषित सिंह ने सहयोग किया, केसियो वादन में दिव्यांग हर्ष थापा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, तबला– परितोष शर्मा तथा गिटार–पंकज गैरोला एवं अंजली गौतम ने साथ दिया। देशभक्ति गीत 'ए मेरे वतन के लोगों' की प्रस्तुति शुभाली गैरोला, अतुल्य एवं राकेश कोली ने सुंदर प्रस्तुति दी, विवेक, चंद्रेश, रागिनी एवं इशानी ने बरेली का झुमका गढ़वाली नृत्य किया, कार्यक्रम की अगली कड़ी में विजय प्रकाश ने गजल की प्रस्तुति दी। पंकज गैरोला ने शायरी तथा पारितोष शर्मा ने तबले पर संगत किया, सुभानी गौतम द्वारा नृत्य प्रस्तुति किया, इसी प्रकार छोटे–छोटे बच्चे हर्षिता भट्ट एवं रागनी पाल ने परम सुंदरी हिंदी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति गढ़वाली नृत्य भामा मेरी ...पंकज गैरोला एवं अतुल्य ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी, ऋषभ वैदय एवं सान्वी नैथानी ने तेरू लहंगा .. गीत प्रस्तुत किया कैसियो–अर्श थापा, गिटार–पंकज गैरोला एवं अंजलि गौतम तथा ढोलक–पारीतोष शर्मा ने संगत दिया, ऋषभ सोनियाल ने हिन्दी गीत प्रस्तुत किया, कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमे आराध्या, ईशानी, विवेक एवं पारितोषि ने बहुत सुंदर नृत्य किया, समलोन्या रुमाल...गढ़वाली गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, कार्यक्रम को सुंदर बनाने के लिए समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले विभूतियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें सर्व श्रीमती आरती गैरोला, दीपा थापा, आशीष मल्ल, ममता शर्मा, सुमित्रा देवी, इंदु भट्ट, अर्चना, संगीता खत्री तथा शैल कला एवं ग्रामीण विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी एस. चंद्रा को सम्मानित किया गया, श्रीमती संगीता तिवारी, पिंकी गुसाई, रिया भण्डारी, सीमा नेगी को प्रभाकर की डिग्री से सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ रहने के लिए ओरल हेल्थ क्यों जरूरी है?

हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं स्वस्थ रहने के लिए मुंह में साफ सफाई रखना बहुत जरूरी है. हम सभी को बचपन से सिखाया जाता है कि पूरे दिन में दो बार ब्रश जरूर करना चाहिए. ऐसा करने से मुंह के कीटाणु फैलते नहीं है. दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी बहुत जरूरी है.

रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में 350 करोड़ लोग मुंह से जुड़ी परेशानियों से पीड़ित हैं जिसमें 230 करोड़ लोगों को दांतों में सड़न की दिक्कत हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक हर व्यक्ति को सालभर में एक बार डेंटल चेकअप जरूर करवाना चाहिए. आइए जानते हैं डेंटल चेकअप स्वास्थ्य के लिए क्यों जरूरी होता है. इसके बारे में जानते हैं.

दांतों को टूटने से बचाता है

दांतों की सही तरीके से देखभाल नहीं करने की वजह से मसूड़ों में सड़न और इंफेक्शन का खतरा हो सकता है. दांतों में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं और सही समय में इलाज नहीं करवाने पर दांतों को उखाड़ना पड़ सकता है. इसके अलावा सूजन और दर्द भी हो सकता है.

दांतों की सड़न को रोकता है

नियमित रूप से डेंटल चेकअप कराने से दांतों में सड़न नहीं होती है. दांतों की सड़न की वजह से कई तरह की समस्याएं हो सकती है. अगर इसे समय रहते ठीक नहीं किया गया तो आपके दांत खराब हो सकते हैं.

कैविटी से बचाता है

कुछ लोगों के दांतों में आसानी से कैविटी लग जाती है. अगर आप नियमित रूप से डेंटल चेकअप करवाते हैं तो आसनी से रोक सकते हैं. दांतों को हमेशा साफ रखने से मुंह के बैक्टीरियां को दूर रख सकते हैं.

आत्मविश्वास बढ़ता है

साफ- सफाई रखने से दांत चमकते रहते हैं जो आपकी मुस्कान में चार चांद लगाने का काम करता है. साथ ही आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में मदद करता है.

मसूड़ों के इंफेक्शन को दूर रखता है

मुंह को साफ रखने से मसूड़ों के इंफेक्शन के खतरे को कम किया जा सकता है. अगर समय रहते मुंह के बैक्टीरियां को नहीं हटाया गया तो समस्यां गंभीर बीमारी का रूप ले सकती है. मुंह की साफ- सफाई नहीं रखने से ओरल कैंसर का जोखिम बढ़ता है. इसलिए ओरल हेल्थ का खयाल रखना बहुत जरूरी है.

# बड़े काम आ सकते हैं ब्लोटिंग पेपर से जुड़े ये बेहतरीन हैक्स

आजकल मार्केट में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग ब्लोटिंग पेपर मौजूद हैं, लेकिन आप चाहें तो चेहरे पर इस्तेमाल किए जाने वाले ब्लोटिंग पेपर से अपने कई काम कर सकते हैं। इससे जुड़े कई ऐसे हैक्स हैं जो आपकी कई घरेलू समस्याओं को हल करने में काफी मदद कर सकते हैं। आइए आज आपको ब्लोटिंग पेपर से जुड़े कुछ ऐसे बेहतरीन हैक्स बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने घर के कई छोटे-बड़े कामों को आसानी से कर सकते हैं।

महंगे बैग को अंदर से सुरक्षित रखने के लिए आप ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, लोग अपने बैग में खाने-पीने की चीजें रखते हैं जो कभी-कभी बैग के अंदर ही गिर जाती हैं और इससे उनमें दाग लग जाते हैं। इसलिए बैग में लंच बॉक्स या फिर अन्य खाने की चीजें रखने से पहले इसमें कुछ ब्लोटिंग पेपर रख दें। इससे किसी भी चीज के गिरने से बैग गंदा नहीं होगा।

कई बार अधिक गर्मी और उमस भरे वातावरण के कारण चेहरा काफी तैलीय हो जाता है, फिर चाहें जितनी बार भी इसे रूमाल से साफ कर लें, यह वैसा का वैसा ही नजर आता है। ऐसी स्थिति में बार-बार चेहरे को रूमाल से साफ करने के बजाय इसे ब्लोटिंग पेपर से साफ करें। चेहरे से अतिरिक्त तेल को दूर करने के लिए ब्लोटिंग पेपर काफी उपयोगी और सुरक्षित होते हैं क्योंकि इनकी तेल सोखने की क्षमता अच्छी होती है।

मेकअप को सेट करने के लिए भी महिलाएं ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकती हैं। जब भी महिलाएं अपने चेहरे पर लिक्विड मेकअप या क्रीम बेस्ड मेकअप लगाएं तो इसके बाद अपने चेहरे पर ब्लोटिंग पेपर शीट रखें और हल्के हाथों से चेहरे को थपथपाएं। ऐसा करने से ब्लोटिंग पेपर त्वचा पर मौजूद अतिरिक्त तेल को सोख लेगा और मेकअप को काफी समय तक सेट रखने में मदद करेगा।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# गाजर की पत्तियों से सेहत को होते हैं चौकाने वाले फायदे

गाजर खाने से कई चौकाने वाले फायदे होते हैं लेकिन उसकी पत्ती खाने से भी बड़े फायदे होते हैं। जी हाँ, गाजर की पत्तियों का जूस, सब्जी और चटनी के रूप में प्रयोग करना सेहत के लिए काफी बेहतरीन होता है और इससे सेहत को कई फायदे होते हैं। आज हम आपको उन्ही फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



गाजर की पत्तियों के फायदे -

रेड ब्लड सेल्स का लेवल बढ़ाती हैं- जी दरअसल गाजर की पत्तियों में पाया जाने वाला क्लोरोफिल शरीर में लाल रक्त कणिकाओं यानी रेड ब्लड सेल्स के बनने की प्रक्रिया तेज करता है। इस वजह से जिन लोगों में खून की कमी होती है और वह इस समस्या से परेशान है तो उन्हें हर दिन गाजर की पत्तियों का जूस या चटनी सेवन करना फायदेमंद है।

हृदय-रोग- गाजर की पत्तियों को खाने से शरीर की नसों में जमा कोलेस्ट्रॉल कम होता है। जी हाँ और गाजर की पत्तियों का सेवन हृदय रोग में भी काफी फायदेमंद है। जी दरअसल यह रक्तशुद्धि यानी आपके खून को भी साफ करता है और इससे हृदय के साथ ही किडनी आदि अंगों पर भार भी कम होता है।

रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिये बेहतर- रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए गाजर की पत्तियां बहुत काम की हैं। जी दरअसल इनमें भरपूर मात्रा में पाये जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त बनाये रखने का काम करते हैं।

वजन नियंत्रित रखने में कारगर- गाजर की पत्तियों का सेवन हमारे मेटाबोलिज्म को दुरुस्त बनाये रखता है, क्योंकि इसमें डाइटरी फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जी हाँ और यह पाचन-तंत्र को भी ठीक रखता है। इसी के साथ ही गाजर की पत्तियों में पाया जाने वाला फाइबर शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर दिल की सेहत लिए अच्छा होता है।

# लेदर के फर्नीचर की सफाई करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां

लेदर का फर्नीचर तभी लंबे समय तक ठीक रह सकता है, जब उसकी सफाई बेहतर तरीके से की जाए। हालांकि, कई लोगों से लेदर के फर्नीचर की सफाई करते समय अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिनकी वजह से मेहनत से की गई सफाई पर न सिर्फ पानी फिर सकता है बल्कि लेदर का फर्नीचर भी खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको ऐसी ही कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपका लेदर का फर्नीचर जल्दी खराब हो तो इस पर लगे लेबल के दिशानिर्देशों के अनुसार ही इसकी साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें। दरअसल, लेबल पर लिखी जानकारी आपके लेदर के फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, अगर आपके फर्नीचर पर कोई लेबल लगा हुआ नहीं है तो जहां से आपने उसे खरीदा है वहीं से इसकी सफाई से संबंधित जानकारी लें।

कई लोग लेदर के फर्नीचर की सफाई के लिए पानी का इस्तेमाल करते हैं, जो कि गलत है। दरअसल, पानी से लेदर का फर्नीचर बहुत जल्दी खराब हो सकता है, इसलिए अगर आपने हाल ही नया लेदर का फर्नीचर लिया है तो ऐसी गलती न करें। बेहतर होगा कि आप पानी की जगह लेदर क्लीनर से अपने लेदर के फर्नीचर को साफ करें। यह न सिर्फ आपके लेदर के फर्नीचर को साफ करेगा बल्कि उनमें चमक भी बनाए रखेगा।

रोजाना लेदर के फर्नीचर की धूल-मिट्टी को साफ करना जरूरी है, लेकिन डस्टिंग के लिए हार्ड ब्रश का इस्तेमाल करना सबसे बड़ी गलती है क्योंकि हार्ड ब्रश से लेदर के फर्नीचर पर खरोंच लग जाती है और फर्नीचर बेकार दिखने लगता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप लेदर के फर्नीचर को साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश का ही इस्तेमाल करें। अगर आपके पास सॉफ्ट ब्रश न हो तो आप एक मुलायम कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं।

अगर आप अपने लेदर के फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखना चाहते हैं तो उसको धूप की पहुंच से दूर रखें क्योंकि धूप के प्रभाव से फर्नीचर का रंग हल्का पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, धूप के प्रभाव से लेदर के फर्नीचर में क्रैक्स आने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए लेदर के फर्नीचर को धूप में रखने से बचें और इसके साथ ही लेदर के फर्नीचर की रोजाना कंडीशनिंग करें।

## शब्द सामर्थ्य -107


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

# भारत की ओर से ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट हुई जय भीम और मरक्कर

साउथ के सुपरस्टार सूर्या की फिल्म जय भीम जब से रिलीज हुई है, यह नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। पिछले साल दर्शकों के बीच आई यह फिल्म लगातार सुर्खियों में है। फिल्म कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब जो खबर आ रही है, उससे सुपरस्टार के फैंस फूले नहीं समाएंगे। दरअसल, जय भीम ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। अभिनेता मोहनलाल की मलयालम फिल्म मरक्कर ने भी बाजी मार ली है।

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह ऑस्कर में साउथ की फिल्में पहुंच गई हैं। दुनियाभर से आई फिल्मों में से 276 फिल्मों को आस्कर के लिए चुना गया है, जिसमें दो भारतीय फिल्में हैं। इनमें सूर्या की जय भीम और मोहनलाल की मरक्कर: लॉयन ऑफ द अरेबियन सी शामिल है। ये दोनों फिल्में 2021 की सबसे सफल और बेहतरीन फिल्मों में से हैं। 94वें एकेडमी पुरस्कारों के लिए नामांकन की घोषणा 8 फरवरी को होगी। ऑस्कर 27 मार्च को होंगे।

ऑस्कर अवार्ड का असली नाम अकेडमी पुरस्कार है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अमेरिकी अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेस (एम्पास) द्वारा फिल्म उद्योग में निर्देशकों, कलाकारों और लेखकों सहित पेशेवरों के बढ़िया काम को पहचान देने के लिए प्रदान किया जाता है।

बीते दिनों जय भीम ने ऑस्कर के यूट्यूब चैनल में अपनी जगह बनाई थी। इस फिल्म को ऑस्कर के यूट्यूब चैनल पर दिखाया गया। इस उपलब्धि के साथ ही जय भीम पहली ऐसी तमिल फिल्म बन गई, जिसे यह मौका मिला। इससे पहले यह फिल्म गोल्डन ग्लोब्स 2022 में बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म कैटेगरी में ऑफिशियल एंट्री हासिल कर चुकी है। जय भीम में सूर्या ने वकील चंद्रू का किरदार निभाया है, जबकि उनके साथ प्रकाश राज, राव रमेश, रजिशा विजयन और लिजो मोल जोस भी हैं। फिल्म का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है और इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिल्म मद्रास हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस चंद्रा के उस चर्चित मामले पर आधारित है, जो उन्होंने अपनी वकालत के दिनों में लड़ा। हालांकि, असल में यह मामला कुरवा जनजाति के लोगों के उत्पीड़न का था। मलयालम एक्शन एडवेंचर फिल्म मरक्कर ने पिछले साल 67वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म सहित तीन राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। प्रियदर्शन ने इस फिल्म की कहानी लिखी है और इसके निर्देशक भी वो ही हैं। यह फिल्म जमोरिन के प्रसिद्ध नौसैनिक प्रमुख कुंजलि मरक्कर 4 पर आधारित है। इस दिलेर नौसैनिक की भूमिका मोहनलाल ने निभाई है। इस फिल्म में अर्जुन सरजा, सुनील शेट्टी, प्रभुदेवा, प्रभु, मंजू वारियर, कीर्ति सुरेश और कल्याणी प्रियदर्शन भी अहम किरदारों में हैं।

## डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी अहान शेट्टी और तारा सुतारिया की फिल्म तड़प

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने साजिद नाडियाडवाला की फिल्म तड़प से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया नजर आईं। फिल्म को दर्शकों से ठीक-ठाक प्रतिक्रिया मिली। अहान और तारा की केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। अब जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखने से वंचित रह गए, वे ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं।

तड़प डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 28 जनवरी यानी अगले शुक्रवार को स्ट्रीम की जा रही है। इसकी जानकारी फिल्म के निर्देशक मिलन लूथरिया ने सोशल मीडिया के जरिए दी। मिलन ने बताया कि 28 जनवरी को उनका जन्मदिन होता है और इसी दिन फिल्म ओटीटी का रुख करेगी। कोरोना महामारी की अनिश्चितताओं के बीच अहान की पहली फिल्म तड़प सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। तड़प एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें अहान और तारा की जोड़ी नजर आई। फिल्म के लिए अहान को खूब तारीफें मिलीं और उन्हें फ्यूचर स्टार बताया गया। तडप 2018 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म आरएक्स 100 का हिंदी रीमेक है। ओरिजनल फिल्म में कार्तिकेय गुम्माकोंडा और पायल राजपूत ने काम किया था। इस फिल्म के हिंदी रीमेक बनाने का ऐलान मार्च, 2019 में किया गया था। कोरोना महामारी के कारण फिल्म को पूरा होने में समय लग गया। तड़प के बाद अहान की दूसरी फिल्म का ऐलान अभी नहीं हुआ है, वहीं तारा ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में एंट्री की थी। इसके बाद उन्हें मरजावां में देखा गया था। तड़प तारा की तीसरी फिल्म है। तड़प ने बॉक्स ऑफिस पर शुरुआती एक हफ्ते में शानदार पकड़ बनाए रखी। फिल्म ने एक हफ्ते में अपना बजट पार कर लिया था। तड़प ने भारत में एक हफ्ते में कुल 21 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दुनियाभर में फिल्म ने एक हफ्ते में कुल 24.5 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी। यह फिल्म अब तक भारतीय बॉक्स ऑफिस से 26.91 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। तड़प 3 दिसंबर को रिलीज हुई थी। बता दें कि पिछले साल सिनेमाघरों में आईं कई फिल्मों ने ओटीटी का रुख किया। अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी ने बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखाने के बाद नेटफ्लिक्स पर धूम मचाई। फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी भी बाद में नेटफ्लिक्स पर आई। बंटी और बबली 2 अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई। फिल्म सत्यमेव जयते 2 को भी प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया। फिल्म पुष्पा भी सिनेमाघरों के बाद अब प्राइम वीडियो पर धमाल मचा रही है।

# मालदीव में अकेले हंसती खिलखिलाती नजर कैटरीना



कैटरीना कैफ एक बेहतरीन अदाकारा है और अपने काम से उन्होंने सभी का दिल जीता है। वहीं अदाकारा अपने लुक्स से भी सभी को मदहोश कर देती हैं। अब शादी के डेढ़ महीने बाद अदाकारा मालदीव पहुंची और वहां वो हंसती खिलखिलाती नजर आ रही हैं। आप देख सकते हैं उनकी हंसी कमाल की है। वैसे उनके हंसने की सबसे बड़ी वजह है कि वो अपने पसंदीदा जगह पहुंची हैं। आप देख सकते हैं अपनी तस्वीर को शेयर कर कैप्शन में उन्होंने मालदीव को अपना हैप्पी प्लेस बताया है। वैसे कैटरीना कैफ इस ट्रिप पर अकेली गईं हैं।

जी हाँ, इस ट्रिप पर विक्की कौशल के साथ अदाकारा नहीं है क्योंकि विक्की अपनी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। ऐसे में कैटरीना अकेले ही एन्जॉय कर रहीं हैं। आप देख सकते हैं इन तस्वीरों में बहुत प्यारी और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वो बीच पर अलग-अलग अंदाज में कैंडिड फोटो खिंचवाती दिखाई दे रही हैं। आप सभी को बता दें कि एक्ट्रेस कुछ दिनों बाद अपनी शादी के बाद शूटिंग में व्यस्त होने वाली हैं। जी दरअसल वह सलमान खान के साथ टाइगर 3 में काम कर रही है। इस फिल्म शूटिंग शुरू हो चुकी है वो भी जल्द टीम को जॉइन करेंगी।

इसके अलावा वह सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ भूत पुलिस में जल्द नजर आएंगी। इसी के साथ वह फरहान अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म जी ले जरा में प्रियंका और आलिया के साथ काम कर रही हैं। इन सभी फिल्मों के अलावा वह मेरी क्रिसमस फिल्म में भी नजर आने वाली है। यह फिल्म अगले साल क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# आरआरआर की दो नई रिलीज डेट जारी हुई

कोरोना वायरस की महामारी के चलते कई फिल्मों की रिलीज डेट स्थगित हुई है। हाल में पैन इंडिया फिल्म आरआरआर की रिलीज डेट को टाल दिया गया था। फिल्म 7 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब मेकर्स ने इस फिल्म की दो नई रिलीज डेट घोषित की है। आरआरआर इस साल 18 मार्च या 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आने वाली है। महामारी की स्थिति को देखते हुए मेकर्स ने यह निर्णय लिया है।

आरआरआर मूवीज के ट्विटर हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। आरआरआर मूवीज ने अपने नोट में लिखा, अगर देश में महामारी की स्थिति बेहतर हो जाती है और सभी थिएटर पूरी क्षमता से खुल जाते हैं, तो हम 18 मार्च, 2022 को फिल्म रिलीज करने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो आरआरआर 28 अप्रैल, 2022 को रिलीज होगी। मौजूदा स्थिति को देखते हुए मेकर्स को वैकल्पिक योजना बनानी पड़ी।

एसएस राजामौली के निर्देशन की आरआरआर की रिलीज का इंतजार काफी समय से हो रहा है। इससे पहले भी फिल्म आरआरआर की रिलीज डेट कई बार टल चुकी है। पहले यह फिल्म पिछले साल 8 जनवरी को रिलीज होने वाली थी। इसके बाद 13 अक्टूबर को रिलीज डेट फाइनल हुई, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे और आगे बढ़ा दिया गया। मौजूदा हालातों में फिल्ममेकिंग से लेकर रिलीज तक मेकर्स को फूंक-फूंक कर पांव रखने पड़ रहे हैं।

यदि आरआरआर होली के मौके पर 18 मार्च को आती है, तो इसका कई फिल्मों से क्लैश होगा। 18 मार्च को ही रणबीर कपूर की शमशेरा और अक्षय कुमार की बच्चन पांडे आने वाली है। वहीं अगर आरआरआर 28 अप्रैल को आएगी, तो इसका टक्कर हीरोपंती 2 और रनवे 34 से होने वाला है। हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ, जबकि रनवे 34 में अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ये दोनों फिल्में 29 अप्रैल को रिलीज होंगी।

इस फिल्म में 1920 के दशक की कहानी को फिल्माया जाएगा। फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर भाई की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी पर आधारित है। इन्होंने अंग्रेजों और हैदराबाद के निजाम से भी आजादी की लड़ाई लड़ी थी। फिल्म में अजय देवगन और आलिया भट्ट भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म को करीब 450 करोड़ रुपये की लागत में तैयार किया गया है।

# अब हिन्दी में आ सकती है महेश बाबू की फिल्म सरकारु वारी पाटा

दक्षिण भारतीय फिल्मों का क्रेज उत्तरी भारत के दर्शकों पर इन दिनों सिर चढ़कर बोल रहा है। बाहुबली, केजीएफ के बाद हिन्दी में आई जय भीम, मरक्कर और हालिया प्रदर्शित अल्लू अर्जुन की पहली पैन इंडिया फिल्म पुष्पा: द राइज को हिन्दी में जो सफलता प्राप्त हुई है उसने दक्षिण भारतीय निर्माता निर्देशकों को अपने सितारों की फिल्मों को हिन्दी में भी प्रदर्शित करने को उत्साहित कर दिया है। यही वजह है कि अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के बाद उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म अला वैकुंठपुरमलो को भी हिंदी में डब कर बकायदा सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी की जा रही थी, जिसे अब ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इसके साथ ही आरआरआर स्टार राम चरण की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म रंगास्थलम को भी निर्माता हिन्दी में डब करके सीधा सिनेमाघरों में उतारने जा रहे हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा उन्होंने अभी दो दिन पहले ही की है। ऐसे में अब हिंदी सिने मार्केट में साउथ फिल्म सितारों को बड़ा बाजार दिख रहा है।

इसका फायदा उठाने के लिए कई फिल्म निर्माता अपनी कमर कस रहे हैं। बॉलीवुड के गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस सूची में जल्द ही टॉलीवुड में प्रिंस के नाम से ख्यात अभिनेता महेश बाबू भी शामिल होने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी अप्रैल माह में प्रदर्शित होने जा रही फिल्म सरकारू वारी पाटा को भी निर्माता हिंदी में लाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए सुपरस्टार महेश बाबू से बातचीत शुरू भी हो चुकी है। फिल्मी गलियारों में काफी बज है कि महेश बाबू स्टारर सरकारू वारी पाटा को मेकर्स हिंदी रिलीज करने की तैयारी में जुट गए हैं। करीबी लोगों का मानना है कि मेकर्स इस फिल्म को हिंदी में रिलीज करने से पहले फिल्म के लिए हिंदी मार्केट में मौजूद बज पर नजर बनाए हुए हैं। अगर पुष्पा की तरह सरकारू वारी पाटा के गाने भी लोगों के दिलों को छूकर उन्हें रील बनाने के लिए एक्साइट कर सकें तो इस फिल्म की हिंदी भाषा में सफलता की गारंटी मिल सकती है।

खास बात यह है कि महेश बाबू का नाम हिंदी दर्शकों के लिए अंजान नहीं है। अल्लू अर्जुन से भी ज्यादा महेश बाबू की फैन फॉलोइंग पहले से ही हिंदी सिने दर्शकों के बीच रही है। इसकी वजह उनकी कई हिंदी डब फिल्मों का टीवी की दुनिया में सुपरहिट रहना है। इसके चलते निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि हिन्दी भाषी दर्शक आसानी से महेश बाबू की फिल्म को सीधे सिनेमाघरों में देखने के लिए उत्साहित नजर आएंगे। हालांकि खुद महेश बाबू कई बार यह कह चुके हैं कि उनकी पहली प्राथमिकता तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री है, हिन्दी नहीं। लेकिन अब चूंकि वक्त बदल रहा है। दक्षिण के सितारों को हिन्दी क्षेत्र में जबरदस्त सफलता प्राप्त हो रही है और वो हिन्दी सिने सितारों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं, ऐसे में शायद महेश बाबू भी अपनी सोच बदलें और अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा को हिन्दी में प्रदर्शित करने की हरी झंडी निर्माताओं को दे दें। गौरतलब है कि महेश बाबू की यह फिल्म कोविड के चलते काफी समय से प्रदर्शन की राह देख रही है। बताया जा रहा है कि अब यह फिल्म सम्भवत: 1 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

# नंबर वन के निशाने पर मीर का तीर

अरुण नैथानी

यह भारतीय बेटियों के पसीने की महक ही है कि देश की एक बेटी तसनीम मीर पहली बार बैडमिंटन अंडर-19 में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बन गई है। साइना नेहवाल और पीवी सिंधु आदि बेटियों ने इस खेल में देश को एशिया से लेकर ओलंपिक खेलों में अपार प्रतिष्ठा दिलाई, मगर ये गौरव उन्हें भी हासिल नहीं हुआ। गुजरात के मेहसाणा निवासी तसनीम मीर का संघर्ष किसी तपस्या से कम नहीं है। लेकिन मेहसाणा में पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक पिता इरफान मीर उसकी सफलता की बुनियाद बने रहे। वे भी बैडमिंटन के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं और खिलाड़ियों को अकादमी में प्रशिक्षण देते हैं।

एक समय था मीर आर्थिक झंझावातों से जूझ रही थी। इस महंगे खेल व प्रशिक्षण के लिये उसके परिवार के पास पैसे नहीं थे। एक बार उसका खेल बंद होने के कगार पर था। लेकिन जहां चाह होती है, वहां राह भी निकल आती है। पिता इरफान मजबूत बुनियाद बनकर खड़े रहे और फिर स्पांसर मिलने लगे। बहरहाल, अब वह देश की ऐसी जूनियर खिलाड़ी बन गई है, जिसने विश्व रैंकिंग में पहला नंबर हासिल किया है। वैसे वह पिछले साल विश्व में जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर चुकी थीं। हालांकि, इससे पहले तेलंगाना की सामिया इमाद फारूखी विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर पायी थीं। इसी माह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा जारी वैश्विक रैंकिंग में यह घोषणा की गई। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया पहले ही तसनीम को भारत में शीर्ष रैंकिंग प्रदान कर चुकी है।

फिलहाल, मीर असम की बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। चार बार जूनियर इंटरनेशनल टूर्नामेंट तथा कई राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीत चुकी तसनीम अपनी इस उपलब्धि से खासी प्रफुल्लित है। अब उसे अपने खेल में निरंतरता बनाये रखनी है और जूनियर के बाद सीनियर खेलों में भी नंबर एक का मुकाम हासिल करना है। सोलह वर्षीय मीर की दिली इच्छा है कि वह ओलंपिक में भारत के लिये पदक जीते।



निस्संदेह, इस उपलब्धि से मीर ने न केवल पिता इरफान व मां आसमां मीर का सिर ऊंचा किया है बल्कि यह देश व गुजरात के लिये भी गौरव की बात है। लेकिन इसके मूल में पिता की साधना भी महत्वपूर्ण है। वे बचपन से ही मीर को बैडमिंटन कोर्ट पर ले जाने लगे थे, जिसने उसके मन में खेल को लेकर जुनून पैदा किया। दरअसल, पिता इरफान ने पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान से खेलों में डिप्लोमा किया हुआ है। वे नवोदित प्रतिभाओं को मेहसाणा स्थित बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण देते हैं।

दुनिया में बैडमिंटन की एकल स्पर्धाओं में अंडर-19 में नंबर वन खिलाड़ी बनने वाली तसनीम चार जूनियर इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीत चुकी है। इनमें बुल्गारियन जूनियर चैंपियनशिप, एलप्स इंटरनेशनल तथा बेल्जियम जूनियर भी शामिल हैं। अब उसकी नजर 2024 के पेरिस ओलंपिक पर है। हालांकि सीनियर खेलों, खासकर ओलंपिक में कड़ी चुनौती दुनियाभर के खिलाड़ियों से मिलती है, लेकिन मीर के हौसले बुलंद हैं। दरअसल, दुनिया में बीडब्ल्यूएफ में जूनियर रैंकिंग की शुरुआत वर्ष 2011 से शुरू हुई, तब से अब तक पहले बार भारत शीर्ष पर है। हालांकि, पीवी सिंधु जरूर एक बार जूनियर रैंकिंग में नंबर दो के पायदान पर पहुंची हैं। बहरहाल, मीर की कामयाबी नई उम्मीद जगाती है। अभी उनकी उम्र सिर्फ सोलह साल है,उन्हें लंबी दौड़ के खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। वैसे सीनियर वर्ग बड़ी चुनौती होती है, वहां उन्हें अपने उत्कृष्ट खेल में निरंतरता बनाये रखनी होगी।

निस्संदेह, किसी भी सफलता के मूल में मेहनत, समर्पण, त्याग और समय का योगदान होता है। हम शिखर की कामयाबी को तो देखते हैं, लेकिन उस कामयाबी के लिये की गई कठिन साधना को नहीं देखते। नई चुनौती के अनुरूप खुद को ढालना और सही दिशा में प्रयास जरूरी होता है। मिल रहे अवसरों को सफलता में बदलने के लिये परिवार का सहयोग व मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। तसनीम कहती है कि मेरे लिये यह कामयाबी अप्रत्याशित है। दरअसल, कोविड संकट के कारण तमाम वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित नहीं हो पा रहे हैं। बहरहाल, यह मेरे लिये एक स्वर्णिम पल है। दरअसल, मीर की कामयाबी में वैश्विक स्तर के प्रशिक्षण का भी योगदान है। वह अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोच इडविन इरविन के प्रशिक्षण में चार साल से बैडमिंटन की बारीकियां सीख रही है। वह असम बैडमिंटन अकादमी, गुवाहाटी में प्रशिक्षण ले रही है। वह यह भी मानती है कि पुरुष खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण से उसके खेल में धार आई है। वह दुनिया के सीनियर खिलाड़ियों के खेल से लगातार प्रेरणा ले रही है। साथ ही गोवाहाटी में उसका भाई मोहम्मद अली मीर भी प्रशिक्षण ले रहा है जो एक प्रतिभावान खिलाड़ी है और गुजरात बैडमिंटन का जूनियर चैंपियन भी है। बहरहाल, मीर का ध्यान अब सिर्फ सीनियर सर्किट पर है। वह अब अपनी सीनियर रैंकिंग में सुधार लाना चाहती है। वह इस साल कई वैश्विक टूर्नामेंटों में खेलने की इच्छुक है। वह मानती है कि पिछले साल डेनमार्क में संपन्न अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भागीदारी से उसे अपना खेल सुधारने का अवसर मिला।

मीर इस बात से बेहद खुश है कि जो साइना नेहवाल व पीवी सिंधू मेरे आदर्श थे, अब मैं उन जैसा मुकाम हासिल करने की दिशा में बढ़ रही हूं। बहरहाल, वह अब कामयाबी की नई इबारत लिखने को आतुर है। कभी गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में तीन साल प्रशिक्षण लेने वाली मीर अभी तक विभिन्न आयुवर्ग की 22 स्पर्धाओं में चैंपियन रह चुकी है।

## शहनाज गिल ने स्टाइलिश ड्रेस में लगाया ग्लैमर का तड़का



रिएलिटी शो बिग बॉस फेम शहनाज गिल ने ग्लैमरस की दुनिया में दमदार वापसी की है. उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है, जिससे फैंस क्रेजी हो गए हैं. शहनाज ने डिजाइनर ड्रेस के साथ ग्लैमर का जबरदस्त तड़का लगाया है. शहनाज गिल ने एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत लिया है. उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है. फोटोज में शहनाज ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनकी स्लीव्स पर ग्रीन फैदर का लुक दिया गया है, जिसमें वह बहुत हॉट लग रही हैं. शहनाज ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है. इसके साथ ही उन्होंने मैचिंग कलर के ईयररिंग्स पहने हैं जो उनके लुक कंप्लीट कर रहा है. इस फोटोशूट से एक बार फिर शहनाज ने ग्लैमर की दुनिया में दमदार वापसी की है. उनकी तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है. हर फोटो में शहनाज अलग-अलज पोज में नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने एक्सप्रेशंस और लुक से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. शहनाज गिल की इन तस्वीरों को दो घंटे में साढ़े 5 लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने शहनाज गिल की इन तस्वीरों को क्लिक किया है.

## सू- दोकू क्र. 107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# अनाथ बच्चों को क्यों नहीं मिल रही प्यार भरी गोद

अनु जैन रोहतगी

नैशनल कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने सुप्रीम कोर्ट में दिए अपने आंकड़ों में बताया है कि अप्रैल 2021 से अब तक देश में कोरोना के कारण 10,094 बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। 1,36,910 बच्चों के मां या पिता कोरोना की भेंट चढ़ गए और 488 बच्चों को अनाथों की तरह छोड़ दिया गया।

इसके बरक्स एक और रिपोर्ट ध्यान देने लायक है कि देश में बच्चों को गोद देने के काम को नियंत्रित करने वाली नोडल एजेंसी 'सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स एजेंसी' (कारा) की लिस्ट में दिसंबर 2021 तक सिर्फ 1,936 बच्चे ही गोद देने कि लिए उपलब्ध थे जबकि गोद लेने की चाहत रखने वाले कपल्स की लिस्ट 36 हजार तक लंबी है। बता दें कि यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, दि इंपिरियल कॉलेज ऑफ लंदन और ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी तक ने भारत में कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों के भविष्य पर चिंता जताई है। एक मार्च 2020 से 30 अप्रैल 2021 तक देश में एक लाख 19 हजार बच्चों ने अपने माता-पिता और रखरखाव करने वाले ग्रैंड पैरंट्स खो दिए।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि पिछले डेढ़-दो सालों में कोरोना के कारण हजारों बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ जाने के बावजूद इन्हें गोद देने के लिए सही समय पर सरकारी प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई? बता दें कि जब कोई भी अनाथ, लावारिस, घर से भागा बच्चा मिलता है तो उसे सबसे पहले उस स्थान की चाइल्ड वेल्फेयर कमिटी के समक्ष पेश किया जाता है। कमिटी पूरी जांच-पड़ताल के बाद उसे देखभाल के लिए अलग-अलग बाल गृहों, अडॉप्शन एजेंसियों में भेजती है। इसके बाद कमिटी निर्णय लेती है कि कौन-कौन से बच्चे कानूनी रूप से गोद दिए जाने की स्थिति में हैं। उन बच्चों को चिह्नित कर उनके लिए प्रमाणपत्र जारी किया जाता है और उसके बाद प्रमाणपत्र और बच्चे के पूरे विवरण को 'कारा' की ओर से संचालित बच्चा गोद देने की नोडल लिस्ट में अपलोड किया जाता है।

लेकिन यह प्रक्रिया उतनी सरल नहीं जितनी दिखती है। अगर सरकारी आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि वर्ष 2015 से 2021 के बीच दो साल से कम उम्र के 18,415, दो से चार साल के 1,782, चार से छह साल के 1,398 और छह से आठ साल के 797 बच्चों को गोद दिया गया है। ये संख्याएं अपने आप में ही एजेंसियों के काम पर सवाल खड़ा करती हैं। कोरोना काल में कई कारणों से हालात बद से बदतर हुए हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि पिछले पांच साल के मुकाबले वर्ष 2020-21 में कोरोना के चलते सबसे कम केवल 3,142 बच्चों को गोद दिया गया। गोद देने वाली संस्थाओं का कहना है कि वित्तीय संकट के कारण वे अनाथ बच्चों को अपने यहां जगह नहीं दे सकीं। कुछ संस्थाओं की शिकायत है कि कोरोना काल में उन्हें राज्य सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली।

हैरानी की बात है कि जब एक तरफ देश में अनाथ बच्चों की संख्या इतनी अधिक है तो दूसरी तरफ कानूनी रूप से बच्चा गोद लेने का फैसला करने के बाद भी कपल्स को अमूमन दो-तीन साल का इंतजार करना पड़ जाता है। इसके पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि देश में अनाथ, घर से निकाले गए या छोड़ दिए गए बच्चों की देखभाल करने और उनसे जुड़ी सारी जानकारी एकत्र करने के बाद उनका नाम अडॉप्शन पूल लिस्ट में डालने में मदद करने वाली संस्थाएं बहुत कम हैं। सवाल है कि क्या इन संस्थाओं की संख्या या इनका संसाधन बढ़ाने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे।

कोरोना काल ने हमें बहुत सी सीख दी है। एक सीख बच्चों की देखभाल करने में लगी संस्थाओं, अडॉप्शन एजेंसियों, कारा और सरकार को भी लेनी चाहिए कि कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों को जल्दी से जल्दी एक नया घर-परिवार देने के लिए सिस्टम में सुधार के जरूरी कदम जल्द से जल्द उठाने हैं। इस दिशा में की गई पहल अनाथ बच्चों को एक नया भविष्य देने के साथ बच्चों की किलकारियां और शरारतें सुनने-देखने को तरसते कपल्स के लिए भी वरदान के समान होगी।

# स्ट्रीट वेंडर्स ने दिया सतपाल ब्रह्मचारी का समर्थन

संवाददाता

हरिद्वार। रेडी पटरी (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों ने हरिद्वार से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी का खुला समर्थन करते हुए उनका स्वागत किया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोएिसशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपडा के नेतृत्व में हरिद्वार से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी का खुला समर्थन करते हुए फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र के सभी लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हरिद्वार से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को अपना विश्वास दिलाते हुए विजय श्री का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समर्थन कर रहे लघु व्यापारियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि काफी समय से लघु व्यापारियों के संरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे लघु व्यापारी संजय चोपडा की न्याय संगत मांगों के लिए राज्य में कांग्रेस की सरकार स्थापित होने के उपरांत पूर्ण संरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में 2016 में कांग्रेस की सरकार के दौरान राज्य फेरी नीति नियमावली बनायी गयी थी लेकिन भाजपा के कार्यकाल में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों की अनदेखी की गयी कांग्रेस हमेशा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों व स्ट्रीट वेंडर्स की वकालत करती चली आ रही है। इस अवसर पर लघु व्यापारी एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपडा ने कहा कि हरिद्वार से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए प्रत्येक रेडी पटरी का लघु व्यापारी अपने खुले समर्थन के साथ राज्य में कांग्रेस की सरकार स्थापित करेगा। इस अवसर पर विनोद कुमार, राजेन्द्र पाल, मनोज मंडल, यामीन अंसारी, अनूप सिंह, प्रभात चौधरी, वीरेन्द्र कुमार, सचिन राजपूत, दिलीप गुप्ता, श्याम जीत, बालकिशन सैनी आदि लोग मौजूद थे।



## फेल रही डबल इंजन सरकार...

पृष्ठ 1 का शेष

में भाजपा नंबर वन रही है। तीसरा काम सीएम धामी जिन्हें खनन प्रिय मुख्यमंत्री कहा जाता है द्वारा लीगल खनन को इनलीगल बनाने का काम किया गया है। उन्होने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल है। उद्योग और व्यापार चौपट हो चुके है, सड़कों की स्थिति दयनीय है उन्होंने कहा कि अगर सूबे की सरकार ने 5 साल में कुछ काम किए होते तो उन्हें चुनाव से पहले एक के बाद एक मुख्यमंत्रियों को बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। सचिन पायलट द्वारा आज यहां राजपुर रोड क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया और लोगों से कांग्रेस को वोट करने की अपील भी की गई।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार..

पृष्ठ 1 का शेष

वह उसके साथ दून में ही रह रही थी। उसके दो बच्चे बेटी लव्या 6 साल व 11 माह का बेटा नारायण पैदा हुए। वह सीएसडी कैंटीन में मार्केटिंग का काम करता था जिससे मेरी अच्छी खासी इनकम हो जाती थी। उसकी पत्नी को एश्वर्य भरा जीवन जीने की आदत थी मेरी पत्नी मेरी आमदनी से ज्यादा की मांग करती रहती थी और वह अपनी पत्नी की ऐंसी मांग करने से कर्जे में डुब गया था। तीन माह पूर्व मेरी नौकरी भी छूट गयी थी और वर्तमान में वह काफी आर्थिक तंगी में चल रहा था जिसका कारण उसने अपने मकान का तीन माह का किराया भी नहीं दिया है। उसने बताया कि दस फरवरी को उसकी छोटी बहन की शादी होना तय हुआ है जिसकी सारी जिम्मेदारी उस पर है। उसने बहन की शादी के लिए किसी से पांच लाख रूपये ब्याज पर मांग रखे है जोकि उसको टाल मटोल कर रहा था। उसने जब श्वेता से बहन की शादी में जाने की बात कही तो वह कहने लगी कि वह शादी में तब जायेगी जब उसको रानीहार लाकर दोगे। जिसको लेकर वह घटना वाले दिन भी जिद करने लगी और घर का सामान फैंकने लगी उसने जब उसको रोकना चाह तो उसने उसपर हाथ उठा दिया उस समय बेटा सो रहा था तथा बेटी बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। श्वेता के हाथ उठाने से उसको गुस्सा आ गया और उसने उसको बेडरूम वाले कमरे में धकेल दिया और दोनों हाथों से उसका गला दबाने लगा जिसके बाद उसने प्रेस की केबल से उसका गला दबा दिया और किचन से चाकू लाकर उसका गला रेत दिया और स्कूटी लेकर वहां से फरार हो गया। आज जब वह अपने कमरे पर स्कूटी रखकर भाग रहा था तो पुलिस ने उसको पकड लिया। पुलिस उसको न्यायालय में पेश करेगी।

# भाजपा के तीन बागी माने, लिया नाम वापस




हमारे संवाददाता

देहरादून। डोईवाला विधानसभा सीट से भाजपा के तीन बागी उम्मीदवारों द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया गया है। इस आशय की जानकारी हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान हरिद्वार सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा दी गयी है।

उन्होने बताया कि डोईवाला विधानसभा सीट से पार्टी के बागी उम्मीदवारों से बातचीत के बाद उन्होने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया गया है। बताया कि नाम वापस लेने वालों में सौरभ थपलियाल, सुभाष भट्ट व राहुल पंवार शामिल है।

उन्होने बताया कि एक अन्य बागी उम्मीदवार दिगंबर सिंह नेगी से बातचीत के प्रयास चल रहे है जिनको मना लिया जायेगा। उन्होने बताया कि कुछ अन्य सीटों पर भी बागी उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिये गये है। पत्रकार वार्ता में सौरभ थपलियाल व सुभाष भट्ट भी शामिल रहे।

## कच्ची शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही, एक गिरफ्तार

देहरादून हसं। कच्ची शराब कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक कच्ची शराब बनाने वाले को दस लीटर कच्ची शराब मय शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मौके पर 800 लीटर लहन भी नष्ट कर दिया है।जानकारी के अनुसार बीती रात थाना रायवाला पुलिस को सूचना मिली कि नवाबवाला क्षेत्र के एक खेत के किनारे झाडियों में एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब की कसीदगी कर रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर वहां पर से एक व्यक्ति को दबोच लिया। मौके पर पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये गये। पूछताछ में उसने अपना नाम परशुराम पुत्र चेतराम निवासी निकट पैट्रोल पंप रावत मार्केट छिद्दरवाला बताया। पुलिस ने मौके पर ही 800 लीटर लहन भी नष्ट कर दिया गया है। जिसके खिलाफ आबकारी अधि नियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## भाजपा नेता को चुनाव आयोग का नोटिस

संवाददाता

देहरादून। भाजपा के मसूरी विधानसभा सीट के प्रत्याशी गणेश जोशी को निर्वाचन आयोग ने फिल्म उरी से सम्बन्धित एक वीडियों को सम्पादित कर सोशल मीडिया में जारी करने के सम्बन्ध में एक नोटिस जारी कर दिया गया है।

सोशल मीडिया में जारी इस वीडियो में फिल्म 'उरी' से संबंधित एक दृश्य को संपादित करते हुए नारे लगवाए गए हैं। जिसे लेकर सोशल मीडिया में आपत्तियां उठाते हुए इस पर कार्यवाही करने की मांग की गयी थी।

इस मामले का संज्ञान में लेते हुए चुनाव आयोग द्वारा सोशल मीडिया मे जारी इस वीडियो को बिना अनुमति के जारी करने पर कार्रवाई की गई है।

इस मामले में मसूरी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गणेश जोशी के प्रचार प्रसार में सोशल मीडिया में प्रसारित वीडियो को बिना अनुमति प्रमाणित कराए सोशल मीडिया पर इसे चलाए जाने पर रिटर्निंग अधिकारी मसूरी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

## द्वाराहाट में ड्रोन कैमरे और प्रचार सामग्री जब्त

अल्मोड़ा (आरएनएस)। विस चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर पुलिस ने चेक पोस्टों पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस और उड़नदस्ते की संयुक्त टीम ने द्वाराहाट में एक वाहन से ड्रोन कैमरे और चुनाव प्रचार सामग्री जब्त की है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बीते शनिवार को द्वाराहाट के मल्ली मिरई के पास सड़क किनारे खड़ी संदिग्ध वाहन संख्या यूके १८ एच ६००२ को चेक गया गया। जिसमें ड्रोन कैमरा और प्रचार सामग्री बरामद हुई। सामग्री का कोई बिल नहीं होने पर टीम ने चुनाव प्रचार सामग्री को कब्जे लेकर सील किया। साथ ही चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट रिटर्निंग ऑफिसर को भेजी।

# पायलट ने अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन कर शुरू किया चुनाव प्रचार

संवाददाता

देहरादून। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने घंटाघर पहुंच बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूंल माला पहनाकर उनको नमन करने के बाद चुनाव प्रचार शुरू किया।



आज यहां 12 बजे राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सचिन पायलट घंटाघर पहुंचे जहां पर उन्होंने राजपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार के साथ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूंल माला पहनाकर उनको नमन किया। उसके बाद वह पल्टन बाजार से राजकुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार पर निकले। वह पल्टन बाजार से कोतवाली, धामावाला, राजारोड चौक पहुंचे जहां पर उन्होंने आम जनता व दुकानदारों से राजकुमार के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रचार किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी के पुत्र व पार्षद निखिल कुमार, जहांगीर खान, विवेक चौहान, सोमप्रकाश बाल्मीकि, अनुराग जैन, तरूण मारवाह, सचिन सोनकर, कुलदीप कोहली, सुनील बांगा आदि लोग मौजूद थे।



कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



## एक नजर

# भारत है विश्व की सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था: राष्ट्रपति

नई दिल्ली । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है भारत विश्व की सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बना है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि, सरकार के निरंतर प्रयासों से, भारत एक बार फिर, विश्व की, सर्वाधिक तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि, जीएसटी कलेक्शन लगातार एक लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना हुआ है। इस वित्त वर्ष के पिछले सात महीनों में ४८ अरब डॉलर विदेशी निवेश आया है। देश



के विदेशी मुद्रा भंडार में भी जबरदस्त उछाल देखा गया है कि और ये ६३० बिलियन डॉलर हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत का निर्यात का ३०० बिलियन डॉलर यानि २२ लाख करोड़ रुपये रहा है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भारत ने स्टार्ट–अप ईको–सिस्टम की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के नेतृत्व में तेजी से आकार ले रही अनंत नई संभावनाओं का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि २०१६ के बाद से देश में ५६ अलग–अलग स्टार्ट–अप्स बने हैं। इन स्टार्टअप्स के जरिए ६ लाख नए रोजगार के अवसर बने हैं।

# कुछ लोग महिलाओं को इंसान समझते ही नहीं हैं: राहुल गांधी

नई दिल्ली। दिल्ली में एक २० साल की महिला के साथ मारपीट, बदसलूकी और बाल काटकर सड़कों पर घुमाने की घटना कुछ दिन पहले सामने आई थी। इसमें गैंगरेप का आरोप भी लगाया गया है। अब इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है। उन्होंने घटना का जिक्र करते हुए इसे समाज का घिनौना चेहरा बताया है। राहुल गांधी ने ट्विटर पर इस घटना को लेकर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि कुछ लोग महिलाओं को इंसान समझते ही नहीं हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, २० साल की महिला की बुरी तरह पिटाई का वीडियो हमारे समाज का एक घिनौना चेहरा दिखाता है। कड़वा सच ये है कि कई भारतीय महिलाओं को इंसान समझते ही नहीं हैं। ये शर्मनाक है, इसे स्वीकार करने और सामने लाने की जरूरत है। दरअसल दिल्ली के कस्तूरबा नगर से ये मामला सामने आया था। जहां एक महिला को सड़कों पर घुमाया गया, उसके बाल काटे गए थे और मुंह पर कालिख पोती गई थी। इसमें देखा गया कि कुछ महिलाएं ऐसा काम कर रही हैं। किसी पुराने झगड़े को लेकर ये पूरी घटना हुई। बताया गया कि पहले महिला को उठाकर एक जगह ले जाया गया, जहां उसके साथ गैंगरेप का भी आरोप है।



Rahul Gandhi
@RahulGandhi

The video of a 20-year-old woman being brutally beaten up exposes a very disturbing face of our society.

The bitter truth is that many Indians don't consider women to be human.

This shameful fact needs to be acknowledged and called out.

10:42 AM · Jan 31, 2022

19K Reply Copy link

Read 743 replies

# इलेक्ट्रिक बस ने राहगीरों को रौंदा, 6 लोगों की मौत 9 घायल

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक बेकाबू इलेक्ट्रिक बस ने राहगीरों को रौंद दिया। बस कई वाहनों को टक्कर मारते हुए डंपर से टकराई। इस दर्दनाक हादसे में ६ लोगों की मौत हो गई और ६ घायल हैं, जिन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उनका इलाज जारी है। बता दें कि ये भयानक हादसा कानपुर के बाबूपुरवा थाना इलाके के टाटमिल चौराहे के पास हुआ। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। आनन–फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कानपुर में हुए इस एक्सीडेंट पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, कानपुर से सड़क हादसे का बहुत ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले। पुलिस ने राहत–बचाव कार्य करते हुए कई लोगों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि अनियंत्रित बस ने कार और बाइकों को टक्कर मारी।



# बागी बिगाड़ेंगे चुनावी गणित

संवाददाता

देहरादून। नाम वापसी के अंतिम क्षणों तक भाजपा और कांग्रेस के नेता आज टिकट न मिलने से नाराज नेताओं व बागियों को मनाने में जुटे रहे लेकिन उन्हें कोई खास सफलता मिलती नहीं देखी गई। कुछ मान गए तो कुछ अपनी जिद पर अड़े दिखे। सूबे की कुल 28 सीटें ऐसी हैं जहां बागियों ने भाजपा और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा रखी है। जिनमें 16 सीटों पर भाजपा को और 12 सीटों पर कांग्रेस को बगावत से दो–चार होना पड़ रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के लाल कुआं क्षेत्र से अपना टिकट वापस लिए जाने से नाराज संध्या डालाकोटी को आज भी कांग्रेस नेता अंतिम समय तक मनाने में जुटे रहे लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुई। वहीं रुद्रपुर से भाजपा विधायक ठुकराल को मैदान से हटने पर भाजपा नेता सहमत नहीं कर सके। दोपहर दो बजे तक दोनों में से किसी ने भी अपना नाम वापस नहीं लिया था। भाजपा को हालांकि कुछ सीटों पर अपने बागियों को मनाने में सफलता मिली है लेकिन




❑शाम तक चला मनाने का सिलसिला
❑कुछ मान गए तो कुछ मैदान में डटे रहे

यह सफलता सिर्फ ऊंट के मुंह में जीरा जैसी ही है। बागेश्वर कि कपकोट सीट से नाराज चल रहे शेर सिंह गड़िया वही कालाढ़ूंगी से नाराज चल रहे गजराज और डोईवाला सीट से नाराज चल रहे सुभाष भट्ट और जितेंद्र नेगी को भी मना लिए जाने की खबरें हैं। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। भाजपा की मुसीबत यह है कि डोईवाला सीट की तरह प्रदेश की कई सीटें ऐसी हैं जहां बागियों की संख्या एक से अधिक है जिसके कारण उन्हें साधना पार्टी के नेताओं के लिए मुश्किल हो रहा है। कोटद्वार सीट पर अपना टिकट कटने से नाराज धीरेन्द्र चौहान भी अभी तक भाजपा प्रत्याशी रितु खंडूरी के खिलाफ चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

वहीं ऋषिकेश सीट पर कांग्रेस अपने बागी प्रत्याशी शूरवीर सजवाण को मनाने की कोशिशों में अंतिम समय तक जुटी रही लेकिन कामयाब नहीं हो सकी। धनोल्टी सीट से भी भाजपा के बागी प्रत्याशी महावीर रांगण को भाजपा मनाने में सफल नहीं रही वह भी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। भले ही रायपुर सीट से कांग्रेस के बागी प्रत्याशी सूरत सिंह चुनाव न लड़ने पर राजी हो गए हो लेकिन धर्मपुर और कैंट सीट पर भाजपा अपने बागियों को समाचार लिखे जाने तक मनाने में सफल नहीं हो सकी है।

कितने मान गये और कितने नहीं माने यह स्थिति आज शाम तक साफ हो जाएगी लेकिन एक बात साफ है कि बगावत की यह आग भाजपा और कांग्रेस का गणित गड़बड़ कर सकती है किसका गणित बागी, निर्दलीयों के कारण बिगड़ेगा यह 10 मार्च को ही पता चल सकेगा।

# बदमाशों ने रोडवेज कर्मियों पर की फायरिंग, चालक घायल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में सुबह सवेरे बाइक सवार दो बदमाशों ने आज औद्योगिक क्षेत्र में स्कूटी सवार बस चालक व परिचालक पर लूट के उद्देश्य से गोली चला दी। हमले में चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। चालक व परिचालक सुबह अपनी बस को लेने के लिए आद्योगिक क्षेत्र स्थित रोडवेज वर्कशाप जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी गयी है।



जानकारी के अनुसार सोनू उपाध्याय पुत्र महेंद्र उपाध्याय ग्राम कुटेश्वर जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी मिस्सपुर कनखल व प्रद्युम्न कुमार पुत्र शिवकुमार रोडवेज में चालक व परिचालक पद पर तैनात है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दोनो स्कूटी पर सवार होकर रोडवेज वर्कशाप पुराना औद्योगिक क्षेत्र जा रहे थे। इस दौरान रास्ते पर बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हे रोकना चाहा। जब वह नहीं रूके तो बदमाशों द्वारा उन पर फायर कर दिया गया। स्कूटी में पीछे बैठे चालक सोनू उपाध्याय की कमर में गोली लगी और वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जबकि प्रद्युम्न सुरक्षित रहा। बताया जा रहा है कि परिचालक चालक को लेकर अस्पताल पहुंचा और उसे वहां भर्ती करा दिया गया। जिसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रैफर कर दिया गया है। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाल राजेंद्र कठैत का कहना है कि इस मामले में लूट के साथ रजिंशन हमले की आंशका पर भी जांच की जा रही है।

## करोड़ों की धोखाधडी में बैंक कर्मचारी सहित तीन लोग नामजद

संवाददाता

देहरादून। फ्लैट के नाम पर एक करोड की धोखाधडी के मामले में पुलिस ने बैंक कर्मचारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांईलोक जीएमएस रोड निवासी सुनील कुमार डिमरी ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मुलाकात एसए बिलटेक कम्पनी के स्वामी प्रेमदत्त शर्मा से हुई। उसने बताया कि शर्मा व उसके कर्मचारी गौरव आहूजा ने उसको बताया कि वह मालसी में फ्लैट बना रहे है। जिसके बाद उनके बीच फ्लैट को लेकर एक करोड नौ लाख रूपये तय हुए थे। जिसके बाद प्रेमदत्त शर्मा ने आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी तस्लीम से उसकी मुलाकात करायी और उसका बैंक से एक करोड नौ लाख रूपये का लोन पास कराकर सारा पैसा प्रेमदत्त शर्मा ने अपने खाते में डलवा दिया। जिसके बाद वह उनसे फ्लैट देने की बात करता तो वह उसको टालते रहे और जब उसने अपने पैसे वापस मांगने का दबाव बनाया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

## कार से तीन लाख की नगदी बरामद की

संवाददाता

देहरादून। पुलिस की स्टेटिंग सर्विलांस टीम ने कार से तीन लाख रूपये की नगदी बरामद कर उसको जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष में अवैध धन के इस्तेमाल को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत रानीपोखरी क्षेत्र में एसएसटी टीम रानीपोखरी थाना पुलिस ने वीरपुर मोड पर चैकिंग के दौरान स्कार्पियो कार संख्या यूके 12 एफ 2463 को रोका गया जिसकी तलाशी लेने पर संयुक्त टीम पे कसा के अन्दर से तीन लाख रूपये बरामद कर लिये। वाहन चालक श्रीनगर निवासी पुष्पेंद्र पंवार से जब रूपयों के बारे में पूछा गया तो वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। जिसके बाद उसे बताया गया कि वह यह धनराशि विध ानसभा चुनाव में कर सकते हैं इसलिए इन रूपयों को वह जप्त कर रहे हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*